## एक नजर

### चान्हो में भी एटीएस की छापेमारी, एक संदिग्ध युवक को किया गिरफ्तार

**चान्हो।** झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस), एस टी एफ, राँची पुलिस एवं दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को रांची, लोहरदगा व हजारीबाग जिले के लगभग 16 ठिकानों पर छापेमारी कर कई लोगों को हिरासत में लिया है। इनपर संदिग्ध गतिविधि में जुड़े होने का आरोप है। जिन्हें हिरासत में लिया गया है, उनमें हजारीबाग के पेलावल से एक, लोहरदगा के कुडू थाना क्षेत्र के हेंजला से एक और रांची के चान्हो से एक संदिग्ध युवक शामिल हैं। एटीएस सभी संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। चान्हो में चार अलग अलग जगह पर छापेमारी की गई। लोहरदगा से एटीएस को हथियार भी मिले हैं। ए टी एस के प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्राप्त दस्तावेजों की सत्यापन की जा रही है।

### क्रिएटिव हार्ट स्कूल के प्रांगण में पौधा वितरण कार्यक्रम

**चान्हो।** आजसू के केन्द्रीय सचिव सह जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने गुरुवार को क्रिएटिव हार्ट स्कूल गुटुवा के प्रांगण में पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने पौधों के महत्व और संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने पौधों के फायदे गिनाते हुए कहा कि पौधे हमारे पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं, ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, और मिट्टी के क्षरण को रोकते हैं। उन्होंने भी पौधों के महत्व पर जोर दिया और लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पौधों के महत्व के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण संरक्षण में उनकी भूमिका को बढ़ावा देना था। आजसू के जिला उपाध्यक्ष कमलू साहू और रामकृष्ण मिशन के दुर्गा प्रसाद गुप्ता भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### मेकॉन क्रिकेट टीम के लिए कोच का होगा चयन

**रांची।** मेकॉन क्रिकेट टीम के लिए मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब द्वारा 8 सितंबर को सत्र 2024-25 के लिए क्रिकेट कोच का चयन किया जाएगा। मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब के सचिव पीके दास ने बताया की मेकॉन स्टेडियम में 8 सितंबर को कोच के उम्मीदवारों का साक्षात्कार होगा।उम्मीदवार को अपने करियर के दौरान कम से कम 10 मैचों के लिए सीनियर स्टेट चैंपियनशिप टूनामेंट खेलने का अनुभव होना चाहिए। जिला क्रिकेट टीम या किसी भी सार्वजनिक उपक्रम की क्रिकेट टीम के साथ कोचिंग का अनुभव होना चाहिए।चयनित उम्मीदवार को मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब के दिशा-निदेशों के अनुसार अभ्यास सत्रों में भाग लेने के लिए शारीरिक और चिकित्सकीय रूप से फिट होना चाहिए और वर्तमान में किसी भी क्लब क्रिकेट टीम के साथ खिलाड़ी के रूप में पंजीकृत नहीं होना चाहिए।

# श्री श्याम मंदिर में जन्माष्टमी उत्सव की तैयारी जोरों पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल रांची द्वारा जन्माष्टमी उत्सव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। 26 अगस्त 2024 सोमवार को भगवान श्री कृष्ण का 5249 वां जन्मोत्सव जन्माष्टमी महोत्सव के रूप में हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मनाया जाएगा। जन्माष्टमी उत्सव को लेकर प्रतिदिन विचार विमर्श करके कार्यक्रम अन्तिम रूप दे दिया गया है। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि संपूर्ण मंदिर परिसर की साफ सफाई का काम किया जा रहा है। मंदिर की स्थाई लाइटों को भी ठीक कर दिया गया है। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भक्तजनों पद्धारियो को दायित्व देकर कार्य बटवारा किया गया है। सभी प्रकार के श्रृंगार मण्डल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू पूजन कार्य के लिए उपमंत्री अनिल नारनौली को दायित्व दिया गया है। प्रसाद वितरण के लिए संजय सराफ पंकज गाड़ोदिया रौनक पोद्दार अभिषेक सरावगी अरविंद सोमानी अन्य को प्रभार दिया गया है। अन्य कार्य अध्यक्ष एवं महामंत्री



विश्वनाथ नारसरिया के प्रभार में रहेगा। महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया बताया कि मंदिर परिसर को सजाने का कार्य रविवार से प्रारंभ हो जाएगा। कोलकाता से कारीगरों का जत्था रांची आ रहा है । बेंगलुरु कोलकाता से सुगंधित डच लाल गुलाब पीला गुलाब आर्किड के 10000 से ज्यादा ताजा फूल मंगाए गए हैं जिससे श्री श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं का गर्भगृह में मनमोहक सुंदर श्रृंगार मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा की देखरेख में किया जाएगा । विद्युत साज के साथ बैलून की भी सजावट की जाएगी। मुख्य समारोह रात्रि 7:00 बजे ग्वाल भोग व ग्वाल आरती के साथ प्रारंभ होगा। रात्रि 8:30 बजे से भजन संकीर्तन होगा। इसी क्रम में खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी का महास्नान वैदिक रीति रिवाज के अनुसार मंदिर के आचार्य करेंगे। रात्रि 9:00 बजे के पहले सभी गर्भग्रह में जन्मोत्सव की अंतिम तैयारी के लिए पर्दा लगा दिया जाएगा। इसके बाद पर्दा जन्मोत्सव समय रात 12:00 खुलेगा। इस समय जन्माष्टमी का विशेष भोग अर्पित करके खाटूनरेश व लड्डू गोपाल जी विशेष महाआरती की जाएगी। झूलन उत्सव नंद उत्सव के काटकर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। संपूर्ण प्रसाद मंदिर में मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के निगरानी में बनाया जाएगा। भावपूर्ण भजनों का गायन करने के लिए धनबाद से प्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री सिमरन कौर अपने भजनों के गायन से भक्तों को झुमाएगी । भजन श्रृंखला की शुरूआत श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू साकेत ढानढनिया सलज अग्रवाल सोनू अनुज मोदी मनोहर केडिया पंकज गाड़ोदिया किशन शर्मा वेदभूषण जैन रोशन खेमका दिनेश अग्रवाल आदि करेंगे। रात्रि 12:00 बजे विशेष आरती आदि के बाद प्रसाद वितरण प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# बादलों में लुकाछिपी के बीच चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित कर सातूड़ी तीज का हुआ पारणा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी और आसपास के इलाकों में माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने गुरुवार को श्रद्धा और आस्था के साथ सातूड़ी तीज का व्रत रखा। कई घरों में सामूहिक पूजन का आयोजन किया गया। अखंड सुहाग की कामना के लिए सुहागिनों और सुयोग्य वर की कामना करते हुए समाज की युवतियों ने भी सातूड़ी तीज का व्रत रखा। व्रतधारी महिलाएं सज धजकर मंदिर पहुंची और झूले झुलाए। महिलाएं दिनभर निराहार रहीं और रात में नीमड़ी की पूजा अर्चना के बाद अर्ध अर्पित कर व्रत का पारणा किया। सतूड़ी तीज को लेकर अधिकतर मारवाड़ी घरों में महोत्सव जैसा माहौल नजर आया। इससे पहले गुरवार को तड़के उठीं तीजणियों ने तारों की छांव में सरगी ग्रहण कर व्रत की शुरूआत की। माहेश्वरी समाज में सरगी को पड़बैणु भी कहते हैं। तीज के दिन शहर के मंदिरों में तीजणियां पूजा करती नजर आईं। सुहागिनों के परिधानों में सजधज कर शाम में महिलाओं और कन्याओं ने झूले झूले और झुलाए। बादलों के कारण रात में चांद तो नजर नहीं आया, लेकिन व्रतियों ने अध्य अर्पित कर पति और पुत्र की दीघार्यु की प्राथना की। गणपति की अराधना कर विष्णु, सूर्य, शिव और मां दुर्गा समेत पंचदेवों के दर्शन किए। तीजणियों ने सासु मां के चरण स्पर्श किए और उन्हे सत्तू देकर आर्शीर्वाद लिया। उसके बाद सासु माओं ने अपनी बहु बेटियों को परंपरानुसार व्रतधारियों को सत्तू के पेड़े सात बार आक के पत्तों पर रख कर खिलाए। सातूड़ी तीज के अवसर पर तीजणियों ने सिंजारा ग्रहण कर धमौली मनाई। सिंजारा में सासुओं ने बहुओं को विशेष प्रकार के व्यंजन परोसे। माहेश्वरी समाज के घरों में धमोली की धूम रही। कई तीजणियां अपने पति और बच्चों के साथ व्रत करने के लिए मायके पहुंची।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क निर्माण का कार्य अब तक अधूरा



**सिल्ली।** मुरी में रेलवे लाइन के नीचे से होकर जाने वाले दो सब वे के नीचे के सड़क निर्माण का काम अब तक अधूरा है। लेकिन इसको पूरा करने के लिए रेलवे प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहा है। इस सब वे के रास्ते पर कई जगह बढ़े बढ़े गढ्ढे है सब वे के नीचे गढ्डों में घुटनों भर से ज्यादा पानी भर जाने के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। रेल लाइन के आरपार जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक किमी दूरी तय करने के लिए चार किमी दूरी घूम कर जाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है. रेल लाइन के पार जाने वाले कई बच्चों ने तो स्कूल ही जाना छोड़ दिया है। अभिभावकों ने बताया कि इसकी जानकारी रेलवे के अधिकारियों को दी जा चुकी है लेकिन इसे पूरा करने के लिए कोई काम नहीं किया जा रहा है। फोन के द्वारा वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य) से पूछने पर उन्होंने बताया कि सड़क के निर्माण कार्य को शुरू कर दिया गया है और अगले दो महीना के अंदर कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।


### बीआईटी में स्पेक्ट्रा 24 से

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा के फाइन आर्ट्स सोसाइटी के तीन दिवसीय कार्यक्रम स्पेक्ट्रा 24 का उद्घाटन गुरुवार को आईसी एरिना में हुआ। समारोह की शुरूआत फाइन आर्ट्स सोसाइटी के संकाय सलाहकार डॉ. प्रशांत प्रसाद ने किया। पहले दिन टैटू मेकिंग और फेस पेंटिंग के बारे में जानकारी दी गई। टैटू मेकिंग का विषय कॉमिक था, जबकि फेस पेंटिंग का विषय इमोशन था। कुल 30 टीमों ने भाग लिया। उन्हें अपनी कलाकृति पूरी करने के लिए एक घंटे का समय दिया गया।

### छात्रों को जीई पेपर में शामिल होने का अंतिम मौका देगा विवि

**रांची।** युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जीई पेपर से जुड़ी विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर कुलपति डॉ अजीत सिन्हा और परीक्षा नियंत्रक से मिला। रांची महानगर के संयोजक अभिषेक शुक्ला ने जीई पेपर से जुड़ी अधिसूचना पर आपत्ति जताई। कहा, यूजी सत्र 2017-20 और 2018-21 के कई विद्यार्थियों की परीक्षा छूट गई थी। जेनेरिक पेपर की परीक्षा में शामिल न होने से उनके भविष्य पर असर पड़ सकता है। उन्होंने इन विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने देने का आग्रह किया। इस पर कुलपति ने पेपर में शामिल का अंतिम मौका देने का भरोसा दिया।

### बेड़ो में युवक को गोली मारी, हालत गंभीर



**बेड़ो।** बेड़ो बिजली ऑफिस टिकरा के समीप रात्रि करीब 11:30 बजे के आसपास अज्ञात बाइक सवार ने बेड़ो के सब्जी व्यवसायी लमकाना निवासी ओमप्रकाश पांडे के पुत्र 20 वर्षीय प्रिंस पांडे के ऊपर जानलेवा हमला कर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि प्रिंस पांडे के पेट में गोली लगी है। दो गोलियां चलीं थी एक उसके पेट में लगी। घटना के बाद प्रिंस पांडे को तत्काल लोगों ने इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए । जहां से चिकित्सकों ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया। प्रिंस पांडे का ऑपरेशन जसलोक हॉस्पिटल में किया गया। जसलोक हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ जितेन्द्र सिन्हा ने बताया कि पेट के निचले हिस्से में कूल्हे के पास गोली लगी थी। उन्होंने बताया कि गोली पेट अंदर के आंत को छेदती हुई ओमेंटम कुल्हे की हड्डी के पास फंसी हुई थी। जिसे ऑपरेशन कर सफलता पूर्वक निकाल लिया गया है। प्रिंस पांडे खतरे से बाहर है। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रिंस पांडे रात में अपने दोस्तों के साथ बिजली ऑफिस टिकरा के पास खस्सी पार्टी में गया था। वह अपने दोस्तों क्रमशः राहुल सिंह उर्फ टेंशन, विश्वा यादव, विनोद साहु, निशांत मिश्र के साथ खस्सी का मटन और दारू पिया खाया। पार्टी के दौरान सभी ने जश्न मनाया। तभी उसका दोस्त राहुल सिंह उसे अपनी बाइक में बैठकर उसका घर छोड़ने जा रहा था। तभी अचानक पल्सर बाइक में सवार अज्ञात अपराधी ने उसके ऊपर गोलियां चलाई। दो राउंड गोली चली थी। जिनमें से एक गोली प्रिंस के पेट के निचले हिस्से में लगी थी। उसके साथ उसके सभी दोस्त भी मौजूद थे। तभी अपराधी ब्लू कलर के अपाचे बाइक में सवार होकर आए थे और प्रिंस पांडे के ऊपर फायर कर भाग निकले। जिससे प्रिंस पांडे गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पांचो दोस्त रात लगभग 9:30 बजे रात में साईं मंदिर रोड में स्थित शराब के दुकान में हंगामा भी किया। पुलिस को सूचना मिलने पर वहां पहुंचकर सभी को वहां से खदेड़ा। बेड़ो के थाना प्रभारी नकुल शाह ने कहा कि गोली किसने चलाई यह अभी क्लियर नहीं है।

### विभागों में सलाहकार के नियोजन का संकल्प रद्द करे सरकार : प्रदीप यादव

**रांची।** विधायक प्रदीप यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर विभिन्न विभागों में सलाहकार के नियोजन के संकल्प को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि पूर्ववर्ती सरकार ने 2015 में संवैधानिक व्यवस्था से इतर एक वैकल्पिक रास्ता बनाकर आरक्षण की अनदेखी की थी। साथ ही, कॉरपोरेट घराने के अनुरूप व अपनी पार्टी के समर्थित विचार रखने वालों को सरकार के उच्च पदों पर अधिकारियों को बैठाने का रास्ता बनाया था। उस समय राज्य में इस संकल्प का काफी विरोध हुआ। इस वजह से इसे सुसुप्ता अवस्था में छोड़ दिया गया है। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि भारत सरकार ने ठीक इसी तर्ज पर संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से 17 अगस्त को मंत्रालय के उच्च पदों पर आरक्षण की अनदेखी कर एक विज्ञापन निकाला था। पूरे देश में विपक्ष की ओर से सशक्त विरोध दर्ज कराने पर मजबूरन वापस ले लिया है।

# निकाय चुनाव मामले में राज्य सरकार की अपील पर विस्तृत सुनवाई 27 अगस्त को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार की अपील पर अब विस्तृत सुनवाई 27 अगस्त को होगी। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को हुई। इससे पहले गुरुवार को सुबह 10:30 बजे प्रतिवादी पूर्व पार्षद रोशनी खलखो की ओर से कोर्ट से इस केस की जल्द सुनवाई करने का आग्रह किया गया था। इसके बाद खंडपीठ ने मामले की सुनवाई दोपहर 3:45 निर्धारित की। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ऑनलाइन रूप से जुड़े। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने कोर्ट से कहा कि राज्य सरकार निकाय चुनाव कराने को लेकर टालमटोल रवैया अपना रही है, हर




बार समय लेकर इस मामले को टालने का प्रयास सरकार कर रही है। एकल पीठ का आदेश उनके पक्ष में आया है और वह सही है। संविधान के अनुसार राज्य में अविलंब निकाय चुनाव होना चाहिए। तीन सप्ताह में राज्य में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने के चार जनवरी 2024 के हाई कोर्ट के एकल पीठ के आदेश को रद्द करने को लेकर राज्य सरकार की ओर से अपील (एलपीए) दायर की गई है। खंडपीठ ने पूर्व में मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ के द्वारा पारित आदेश पर रोक लगाने से किया इनकार किया था। अपील( एलपीए) में राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि पिछड़ा आयोग को ही डेडीकेटेड कमीशन के रूप में नियुक्त कर दिया गया है। यह राज्य के जिलों में ओबीसी की आबादी का आकलन करेगा और इस संबंध में डाटा राज्य सरकार को उपलब्ध कराएगा। इसके आधार पर निकाय चुनाव में वार्डों में ओबीसी के लिए आरक्षण दिया जायेगा।

### सड़क दुर्घटना में युवा व्यवसायी की मौत, दो घंटे सड़क जाम

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के कव्वाली रिंग रोड पर सड़क दुघर्टना में युवा व्यवसायी की मौके पर मौत हो गई। घटना गुरुवार की सुबह लगभग नौ बजे की है। बताया जाता है कि व्यवसायी सुबह पैसे का तगादा करने निकला था। रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और चालक दूसरी लेन पर जा गिरा, जहां अज्ञात बाइक सवार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना से आक्रोशित बरगांवा और आसपास के लोगों ने साढ़े नौ से साढ़े 11 बजे तक सड़क जाम कर दी। इससे तीन किमी तक वाहनों की कतार लग गई इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर नामकुम पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मृतक 44 वर्षीय विमल कुमार महतो बरगांवा का व्यवसायी था और वार्ड नंबर नौ का पूर्व वार्ड सदस्य था।

# भाजपा की आक्रोश रैली को देखते हुए आज मोरहाबादी में रहेगी निषेधाज्ञा लागू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने गुरुवार को धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली किए जाने की सूचना पर निषेधाज्ञा लागू की है। जारी निषेधाज्ञा में कहा गया है कि इस दौरान मुख्यमंत्री आवास घेराव की संभावना है। हाल के दिनों में पूर्व में निर्धारित स्थान जाकिर हुसैन पार्क की जगह यह कार्यक्रम राजभवन मुख्य द्वार, मुख्यमंत्री आवास, कांके रोड पर भी हो रहे हैं। इस प्रकार के कार्यक्रमों से सरकारी काम काज में व्यवधान उत्पन्न होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था बाधित होने और विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने तथा लोक परिशांति भंग होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसे लेकर एसडीओ ने बीएनएसएस की धारा-163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत मोरहाबादी मैदान के 500 मीटर परिधि में (मैदान को छोडकर) निम्न प्रकार की निषेधाज्ञा जारी किया गया है। यह निषेधाज्ञा 23 अगस्त के पूर्वाहन 11.00 बजे से रात 11.00 बजे तक लागू रहेगा। इस दौरान उक्त क्षेत्र में पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना और चलने कर पाबंदी रहेगी।

**साथ ही किसी प्रकार का अस्त्र शस्त्र :** हरवे हथियार लेकर निकलना और चलना वर्जित रहेगा। इसके अलावा किसी प्रकार का घरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली और आमसभा का आयोजन करने एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने पर रोक रहेगा।

### झारखंड आंदोलनकारी महासभा ने कटोरा लेकर प्रदर्शन किया

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी महासभा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास तक कटोरा लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की शुरूआत मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से हुई, जहां से वे राजभवन तक पहुंचे। इसके बाद जिला प्रशासन के द्वारा नियुक्त मजिस्ट्रेट के द्वारा प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री आवास ले जाया गया। आंदोलनकारियों ने 11 सूत्री मांग सौंपा। इसमें झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान सम्मान, सुविधा देने की मांग की गई। महासभा के अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि आंदोलनकारियों का सब्र का बांध टूट रहा है।

### खूंटी के सभी प्रखंडों में चला 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान

# पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण असंतुलित हो गया है : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरुवार को जिले के सभी छह प्रखंडों में वृहद रूप से वृक्षरोपण कार्यक्रम चलाया गया। अभियान के तहत पदाधिकारियों, कर्मियों समेत अन्य लोगों ने एक पेड़ अपनी मां के नाम समर्पित कर पेड़ लगाया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर लगाए गए पौधे की सुरक्षा एवं देखभाल करने का भी प्रण लिया गया। आमजनों से भी एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर अपनी मां के नाम एक पेड़ जरूर लगाने का अपील की गई। तोंरपा प्रखंड के संत अन्ना गर्ल्स स्कूल में वृक्षारोपण करते हुए बीडीओ कुमुद कुमार झा ने कहा कि हमारा जीवन पेडों पर ही निर्भर है। पेडों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण असंतुलन हो गया है। आज पूरा विश्व इसको लेकर चिंतित है। हमें प्रकृति का संतुलन बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। दियांकेल स्कूल में भी बीडीओ ने पौधरोपण किया।



#### पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री ने की थी अभियान की शुरुआत

ज्ञात हो कि विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच जून को बुद्ध जयंती पार्क, नई दिल्ली में पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नामअभियान की शुरूआत की थी। प्रकृति के लिए धरती माता और मानव जीवन के पोषण के लिए हमारी अपनी मां और पृथ्वी के बीच समानता दशार्ते हुए प्रधाानमंत्री ने दुनिया भर के लोगों से अपनी मां के प्रति प्रेम, आदर और सम्मान के प्रतीक के रूप में एक पेड़ लगाने और धरती माता की रक्षा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया था।

### लापुंग के किसानों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण

# किसान जैविक खेती कर अपनी भूमि को लंबे समय तक उपजाऊ बना सकते हैं : अनुज कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत के सकरपुर, गांव में राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के तहत ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी औफ झारखंड के बैनर तले वैदिक ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन एजेंसी रांची के द्वारा किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार के द्वारा प्रशिक्षण का शुभारंभ संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार द्वारा बताया गया कि किसान भाई जैविक खेती करके अपनी भूमि को लंबे समय तक उपजाऊ बनाकर टिकाऊ खेती कर सकते हैं, साथ ही साथ कम लागत में उत्पादन कर अधिक मुनाफा कमा



सकते हैं। जैविक उत्पाद का प्रयोग अपने भोजन के रूप में करके हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं। इस अवसर पर किसानों को प्रशिक्षण देते हुए मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार ने कहा कि जैविक खेती एक शून्य बजट का खेती है, इससे हम अपने गांव में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से कई प्रकार के खाद कीटनाशक टॉनिक का निर्माण कर अपने खेतों में प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम में किसानों को नीम अर्क जीवामृत बिजामृत दसपॉर्न केंचुआ खाद सहित कई प्राकृतिक कीटनाशक एवं अन्य दवा बनाने की विधि को विस्तार पूर्वक बताया एवं इनसे होने वाले फायदे को बताया? इस मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर अमन कुमार , क्षेत्र पदाधिकारी संतोष उरांव, चरवा उरांव सहित सकरपुर के दर्जनों किसान उपस्थित थे।

# गृह सचिव और एडीजी ने महिला थाने का किया निरीक्षण




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** महिला पुलिस अधिकारियों का दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन को लेकर गुरुवार को गृह सचिव वंदना डाडेल और एडीजी सुमन गुप्ता ने रांची महिला थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला थाना के सभी पदाधिकारियों और आरक्षियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनके कार्यों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी ली। मौके पर, पीड़ित महिलाओं से उनके मामलों के संबंध में बातचीत की गई, और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया। इसके साथ ही, महिला थाना में उपलब्ध संसाधनों से संबंधित समस्याओं पर भी चर्चा की गई। गृह सचिव और एडीजी ने महिला थाना की आवश्यकताओं और संसाधनों की कमी के बारे में एक विस्तृत सूची तैयार करने के निर्देश दिया। साथ ही महिला थाना परिसर के रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था, और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी गृह सचिव एवं एडीजी द्वारा महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। इन दिशा-निदेशों के पालन को सुनिश्चित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान, उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों के साथ संवाद स्थापित किया और उनकी कार्य परिस्थितियों एवं चुनौतियों के बारे में भी चर्चा की।

# शाल्या परवीन की अनुशंसा से होयर व चदरा धौड़ा में बनी दो जलमीनारें



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी पूर्वी की जिला परिषद सदस्य शाल्या परवीन की अनुशंसा पर 15वें वित्त मद से निर्मित दो जलमीनार का गुरूवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन जिप सदस्य शाल्या परवीन ने नारियल फोड़कर की। जलमीनार प्रखंड के चुरी दक्षिणी पंचायत के होयर गांव व चुरी मध्य पंचायत के चदरा धौड़ा में निर्माण कराया गया है। गांव में जलमीनार बन जाने से ग्रामीण काफी खुश थे। शाल्या परवीन ने कहा कि खलारी प्रखंड के जिन-जिन पंचायत में पानी की समस्या बनी हुई है वहां जल्द ही जलमीनार लगाकर समस्या को दूर किया जाएगा। पानी की समस्या के कारण लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी में इन इलाकों में पानी की काफी समस्या हो रही थी। गांव के कई लोग पानी की समस्या दूर करने

> *जिन-जिन पंचायत में पानी की समस्या बनी हुई है वहां जल्द ही जलमीनार लगाकर समस्या को दूर किया जाएगा।*

की मांग किए थे। मौके पर उपस्थित मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने ग्रामीणों को बताया कि अभी हाल ही में क्षेत्र के स्कूल में भवन निर्माण, रोड, नाली, पानी जैसी एक दर्जन से अधिक योजना जिला परिषद में भेजा गया, जिसका जल्द ही टेंडर होने वाला है। कहा कि क्षेत्र का विकास करना हम दोनों की पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर सुरेश यादव, श्याम महतो, कुंदन कुमार, विजय उरांव, कमलेश यादव, विकास लोहरा, सुनीता देवी, अंजू देवी, विनीता देवी आदि लोग उपस्थित थे।

# प्रकृति को सुरक्षित रखने में सभी का सहयोग जरूरी : अरुण सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में जल- जंगल और जमीन हमेशा से ही हमारे जीने का जरिया रहा है। लेकिन, सदियों से चली आ रही ये व्यवस्था अन्धाधुन्ध विकास और शहरीकरण की दौड़ में पीछे छूटती जा रही है। आज हरे -भरे पेड़ों से आच्छादित जंगल की जगह कंक्रीट के जंगल ने ले ली है। इसका सीधा असर हमारे पर्यावरण पर पड़ रहा है। प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। अगर हम अब भी नहीं चेते तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा। आज जरूर इस बात की है कि पर्यावरण संरक्षण की खातिर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के अभियान का हम हिस्सा बनें और पेड़ों को बचने का संकल्प लें। सभी के सहयोग और भागीदारी से प्राकृतिक व्यवस्था को संरक्षित मानव जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह गुरुवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रांची जिला अंतर्गत बेड़ो प्रखंड में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ये बातें कही।



**हम सभी एक पेड़ मां के नाम महोत्सव का हिस्सा बनें**

संयुक्त सचिव ने कहा कि एक ऐसा भी वक्त था, जब झारखंड जैसे प्रदेश में वन महोत्सव मनाने की कोई जरूरत नहीं थी। पूरा राज्य हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित था। चारों तरफ जंगल ही जंगल दिखते थे। लेकिन, विकास की रफ्तार जैसे-जैसे बढ़ती गई, जंगल सिमटते चले गए और इसका सीधा असर पर्यावरण पर पड़ा। यही वजह है कि आज वन महोत्सव मनाने की एक परंपरा की शुरूआत हुई, जो आज भी चली आ रही है । यह समय की भी मांग है कि हम सभी वन महोत्सव का हिस्सा बनें और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की मुहिम में अपनी भागीदारी निभाएं।

एक पेड़ मां के नाम महोत्सव में अवर सचिव चंद्रभूषण प्रखंड विकास पदाधिकारी बेड़ो, उपनिदेशक अनुपम भारती, परियोजना पदाधिकारी ऋतुराज एवं प्रखंड के कई मुखिया,उप मुखिया ग्रामीण उपस्थित थे।

### जीवन शैली में लाना होगा बदलाव, पेड़ों से करनी होगी

संयुक्त सचिव श्री अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आज जिस तरह से पर्यावरण संरक्षण को चुनौती मिल रही है, वह मनुष्य, जीव- जंतु और पूरी प्राकृतिक व्यवस्था के अस्तित्व पर खतरा बनता जा रहा है। ऐसे में हमें तय करना है कि हम प्रकृति के साथ मिलकर अथवा प्रकृति से छेड़छाड़ कर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ें। अगर प्रकृति के साथ चलना है तो हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव लाना होगा । पेड़ों से दोस्ती करनी होगी और उन्हें बचाने की जिम्मेदारी निभानी होगी । उन्होंने लोगों से कहा कि वे घर बनाते हैं तो उससे पहले वहां एक पेड़ जरूर लगाएं। अगर हर व्यक्ति पेड़ लगाने और पेड़ बचाने की ठान ले तो निश्चित तौर पर हम पर्यावरण को संरक्षित रख पाएंगे।

**एक दिन में बदलाव नहीं आ सकता, लेकिन शुरूआत तो होनी चाहिए**

संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आज प्राकृतिक असंतुलन और पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ की वजह से बाढ़ और सुखाड़ जैसे कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। मौसम चक्र में बदलाव से कृषि प्रभावित हो रही है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि प्राकृतिक व्यवस्था का कम से कम नुकसान कैसे हो, इस दिशा में हम सभी आगे बढ़े। इसके लिए जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं , ताकि प्राकृतिक व्यवस्था को जो नुकसान हो चुका है।

## राष्ट्रीय राज्यमार्ग में बड़े गड्ढे दुर्घटना को दे रहे निमंत्रण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

यूं तो रांची की सड़कों पर गड्ढों का रहना कोई बड़ी बात नहीं है। जिधर नजर घुमाएं कहीं न कहीं सड़क पर गड्ढे मिल जाएंगे। मगर जब वर्षों से एक ही स्थान पर बने गड्ढे पर प्रशासन का ध्यान न जाए तो हैरानी होती है। इसी तरह का कुछ मामला रातु के तिलता ओवरब्रिज स्थित एनएच 75 का है। इस चौक में चारों तरफ से सड़कों का पानी आकर चौक पर ही जमा होता है। चारों सड़कों की ढाल चौक की तरफ ही है। टायर दुकानदार सौलिया पांडे बताते हैं कि सड़कों पर बने गड्ढे दो साल से ऐसे ही है। ये गड्ढे दुर्घटना को निमंत्रण दे रहे हैं। वहीं तिलता चौक से रातू रोड की तरफ वाले रास्ते में दो सौ फीट तक नाली नहीं है। पानी जमने से सड़क के किनारे कीचड़ जमा हो जा रहा है। दुर्गंध से दुकान पर बैठना मुश्किल है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने एनएचआई जीएम एकता से बातचीत की। उन्होंने बताया कि गड्ढों को भरने का काम चल रहा है। बरसात के कारण टेंपरोरी व्यवस्था की जा रही है।



सौलीया पांडे

### बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर की पत्नी ने की खुदकुशी

**रांची।** रांची के बीआईटी ओपी क्षेत्र स्थित इंजीनियरिंग संस्थान बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर की पत्नी ने गुरुवार को पंखे में फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। कैमिकल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सुमित कुमार जाना की पत्नी सतरूपा पटनायक ने खुदकुशी कर ली है। घटना की सूचना मिलते ही मेसरा ओपी प्रभारी रौशन कुमार सहित सशस्त्र बल मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## न्यूज बॉक्स

### एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी मनोनीत

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय विभागों में कार्यरत एनएसएस के कार्य को संपादित करने हेतु 14 कार्यक्रम पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया एवं इनका कार्यकाल 03 वर्षों के लिए होगा। रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कुलपति के आदेश के उपरांत 14 मनोनीत कार्यक्रम पदाधिकारियों की अधिसूचना जारी किया है। सभी मनोनीत कार्यक्रम पदाधिकारी की सूची निम्नलिखित है: डॉ समीर गुंजन लकड़ा, जेएन कॉलेज, धुर्वा, डॉ कुमारी रीता, आरएलएसवाई कॉलेज, डॉ रणजीत कुमार चौधरी, एसएस मेमोरियल कॉलेज, डॉ रीना कुमारी, एसएस मेमोरियल कॉलेज, डॉ नेहा टोप्पो, केसीबी कॉलेज बेड़ो, नितेश कुमार पासवान, केसीबी कॉलेज बेड़ो, पूनम कुमारी, केसी बी कॉलेज बेड़ो, संगीता जायसवाल, पीपीके कॉलेज बुंडू, संदीप कुमार, उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज रांची, डॉ शालिनी प्रिया, जसपुरिया बीएड कॉलेज रांची, डॉ भारती द्विवेदी, विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग के साथ विश्वविद्यालय उर्दू एवं बांग्ला विभाग रांची विश्वविद्यालय, अंजना कुजूर, पीवीएई कॉलेज चैनपुर, दीपा कुमारी, आइडियल एकेडमी ऑफ नर्सिंग, दलादली रांची, डॉ आभा एक्का, विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग साथ में विश्वविद्यालय गृह विज्ञान एवं समाजशास्त्र विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को निदेशित किया गया है कि अपने अपने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय विभागों में एन एस एस की गतिविधियों का रिपोर्ट समय पर विश्वविद्यालय को भेजें।

### डोरंडा में स्लॉटर हाउस को पुलिस ने किया ध्वस्त



**रांची।** डोरंडा के कुरैशी मुहल्ले में स्थित स्लॉटर हाउस को गुरुवार को ध्वस्त कर दिया गया। बताया जा रहा है कि डोरंडा थानेदार आनंद किशोर प्रसाद के नेतृत्व में गुरुवार को पुलिस की टीम कुरैशी मुहल्ला जेसीबी के साथ पहुंची। वहां पर बने एक स्लॉटर हाउस को गिरा दिया। जानकारी के अनुसार, स्लॉटर हाउस में मवेशी का काटा जाता था। पुलिस का कहना है कि स्लॉटर हाउस नहीं रहने की वजह से मवेशी को काटा नहीं जाएगा। प्रतिबंधित मवेशी के मांस की बिक्री भी नहीं होगी।

### डालसा ने मनाया विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस



**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में गुरुवार को ओल्ड एज होम हेसाग और ओल्ड एज होम बरियातू में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया गया और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की पीएलवी संगीता सिंह, प्रीति पाल और सम्पा दास उपस्थित थे। ओल्ड एज होम हेसाग में कार्यरत पीएलवी संगीता सिंह के द्वारा वृद्धों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में बताया गया, वहीं ओल्ड-एज-होम बरियातू में कार्यरत पीएलवी सम्पा दास और प्रीति पाल ने वृद्धों को दी जानेवाली लिगल-एड के बारे में जानकारी दी।

### व्यावसायिक शिक्षकों ने जेईपीसी कार्यालय में जड़ा ताला

**रांची।** झारखंड के व्यावसायिक शिक्षकों को गुरुवार को जेईपीसी कार्यालय का घेराव किया। लगभ 200 के संख्या में व्यावसायिक शिक्षकों ने जेईपीसी के मेन गेट पर ताला जड दिया था। लगभग 5 घंटें के बाद एसडीईओ से वार्ता के बाद शिक्षक हटे। शिक्षकों ने बताया कि 4 दिन का समय लिया है। व्यावसायिक शिक्षकों झारखंड शिक्षा परियोजना के द्वारा, ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम का 2015 से प्लस 2 विद्यालय के 446 स्कूलों में 892 व्यावसायिक प्रशिक्षक के साथ संचालन हो रहा है। झारखंड में व्यावसायिक प्रशिक्षकों के द्वारा 2.5 लाख बच्चा प्रतिवर्ष 9 से वर्ग 12 तक के छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़कर आत्मनिर्भर एवं तकनीकी शिक्षा में हुनरमंद बनाकर रोजगार या उच्च शिक्षा उपलब्ध करवाया जा रहा है। व्यावसायिक शिक्षा को भारत सरकार द्वारा शिक्षा नीति में मुख्य विषय के तौर पर शामिल किया गया है।

### आरबीआई बुनियादी जिम्मेवारियों का कर रहा निर्वहन

**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक भारत का केंद्रीय बैंक है और देश की वित्तीय और मौद्रिक व्यवस्था को भी विनियमित करता है। एक पूर्ण सेवा प्रदान करने वाले केंद्रीय बैंक के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक बुनियादी जिम्मेवारियों के साथ वित्तीय शिक्षक वित्तीय समावेशन और वित्तीय जन जागरण के प्रचार प्रसार के लिए भी प्रतिबद्ध है। यह विचार रिजर्व बैंक क्षेत्रीय कार्यालय रांची के निर्देशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने गुरुवार को नेशनल यूनिवर्सिटी आफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ रांची और सनातन विद्या निकेतन में आयोजित द्वितीय साक्षरता कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक रांची कार्यालय द्वारा राज्य के 90 विद्यालयों में वित्तीय शिक्षक और समावेशन संबंधित जागरूकता कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है। वित्तीय साक्षरता वित्तीय समावेशन और वित्तीय जन जागरूकता के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

### एफपीओ से किसानों की आय होगी दोगुनी बढ़ेगी सौदेबाजी की ताकत : प्रदीप वर्मा

**रांची।** देश में जहां 70% से अधिक लोग कृषि से जुड़े हैं। वहां किसानों की आय दोगुना करने में एफपीओ अहम भूमिका निभा सकते हैं। एफपीओ जैसे संगठन के रूप में एकजुट होने पर किसान बाजार में अपनी सौदेबाजी की शक्ति को सक्षम करते हैं और उन्हें कृषि उपज का उचित मूल्य समर्थन मिलता है। यह विचार गुरुवार को नाबार्ड द्वारा आयोजित एफपीओ क्रेडिट लिंकेज पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करने के बाद सांसद प्रदीप कुमार वर्मा ने व्यक्त किए। किसान उत्पादक संगठनों के लिए आयोजित कार्यशाला में नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक सुनील कृष्णा जहांगीरदार कहा कि सपा और बैंकों को एक सामान्य मंच पर लाना एक उपलब्धि है। इसके माध्यम से बैंकर एफपीओ के साथ सीधी बातचीत कर सकते हैं विशेष रूप से बैंकों से ऋण सुविधा लेने के लिए। कार्यशाला में झारखंड के के 60 एफपीओ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला के पहले दिन एफपीओ प्रतिनिधियों को कई इंटरएक्टिव सत्रों से अवगत कराया गया जहां उन्होंने एफपीओ से संबंधित कानूनी औपचारिकताओं सर्वोत्तम लिखा प्रथाओं को अपने टैक्सेशन उच्च मूल्य वाली फसलों को अपने समेत वास्तविक जीवन के मामलों के अध्ययन के बारे में जागरूक किया गया।

### सुहागिनों ने निष्ठा और आस्था के साथ कजरी तीज का व्रत रखा

**रांची।** राजधानी में रुक रुक कर हो रही बारिश के बावजूद सुहागिनों ने निष्ठा और आस्था के साथ कजरी तीज का व्रत रखा और पूजा अर्चना की। मंदिरों की और पूजा की थालियां लिए सड़कों पर महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ नजर आई। सुबह से सुहागिने घरों में पूजा की तैयारी करती दिखीं और बाद में झुंडों में पूजा करने के लिए अपने परिचितों के यहां जाती आती नजर आई। एक तरफ जहां अखंड सुहाग और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर पूजा अर्चना की, वहीं मनचाहा वर पाने के लिए युवतियों ने भी सज धज कर तीज का व्रत रखा। सिर्फ सुहागिनो ने ही नहीं बल्कि बड़ी संख्या में कुंआरी कन्याओं ने भी तीज का व्रत रखा। मान्यता है कि तीज का व्रत रखने से मनचाहा पति मिलता है। पिछले तीन-चार दिनों से तीज के लिए बाजारों में रौनक देखने को मिली। अपर बाजार की रंगरेज गली में बुधवार और गुरुवार को मेंहदी लगवाने वाली महिलाओं और युवतियों में खासा उत्साह नजर आया। हर महिला और युवती मेहंदी लगवाने के लिए आतुर नजर आई। तीज के बाजार को लेकर व्यवसायियों में भी काफी उत्साह था। बाजार के अलावा जगह जगह चौकियों पर भी साज सज्जा और पूजा का सामान बिकता नजर आया।

## आजसू ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन, सुविधा बढ़ाने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान परीक्षा विभाग और विश्वविद्यालय की मूलभूत सुविधाओं से अवगत कराया गया। वहीं कहा कि इन जगहों पर सुविधाओं का अभाव है। कई विभागों में आदेशपाल व असिस्टेंट की कमी है। विभाग के शिक्षक फाइल को साइन करने के लिए कुलपति और कुलसचिव के पास जाते हैं, और वो घंटों तक वही बैठे रहते हैं। ज्ञापन में मांग किया गया है कि विश्वविद्यालय के मेडिकल रूम को अभी तक विश्वविद्यालय के फ्रंट पर नहीं लाया गया है और अभी तक साइकिल स्टैंड का कोई भी कार्य शुरू नहीं किया गया हैं। विश्वविद्यालय के पोर्टल पर काफी बच्चे परीक्षा शुल्क एवं कोर्स के शुल्क को जमा करने के बाद भी पोर्टल पर जमा राशि की स्लिप पोर्टल पे अपडेट नहीं होता है। इस कारण परीक्षा विभाग उन्हें रिजल्ट नहीं देती है, जिसके कारण बच्चों को यह नहीं पता होता है कि वह पास है या फेल हैं, जिसके कारण उनकी पढ़ाई सुचारू रूप से नहीं चलती है। इसके अलावा कई मांगें शामिल थी। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष आनंद यादव, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, महासचिव बबलू मंडल, महिला प्रभारी अंजु तिर्की, अनमोल तिर्की, राकेश कुमार, कारण ठाकुर, आदित्य यादव, पंकज कुमार गुप्ता , प्रभाकर पाठक, सुनील कुमार आदि शामिल थे।

### बड़े लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रही कोल इंडिया

**रांची।** देश में सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया घरेलू बाजार और विदेशों में लिथियम समेत महत्वपूर्ण खनिजों के अधिग्रहण के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रही है। अब वह बड़े लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रही है। कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने कंपनी की 50वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान कहा कि लीथियम, कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के आयात पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से कंपनी भारत और विदेशों में इन खनिज परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रही है। सीआईएल खान मंत्रालय द्वारा पेश किए गए महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी में भाग लेना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि सीआईएल ने घरेलू महत्वपूर्ण खनिज परिसंपत्ति में सफलतापूर्वक अपना खाता खोला है और मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में खट्टाली छोटी ग्रेफाइट ब्लॉक के लिए पसंदीदा बोलीदाता के रूप में उभरी है। बता दें कि लीथियम समेत महत्वपूर्ण खनिज, पवन टर्बाइन से लेकर इलेक्ट्रिक कारों तक स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## महिला पुलिस अधिकारियों का सम्मेलन आज

# कार्य स्थल पर होने वाली परेशानी व आवश्यताओं पर होगी चर्चा : एडीजी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर डीजीपी अनुराग गुप्ता के नेतृत्व व दिशा-निर्देश पर शुक्रवार से दो दिवसीय महिला पुलिस अधिकारियों-कर्मियों का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित होगा। यह सम्मेलन डोरंडा के जैप-1 स्थित शौर्य सभागार में आयोजित किया गया है। उद्घाटन के दौरान मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी समेत कई अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके झारखंड पुलिस के सभी जिला-इकाइयों में सिपाही, हवलदार, एएसआई, एसआई, इंस्पेक्टर व डीएसपी स्तर की 200 महिला प्रतिनिधि शामिल होंगी। इन्हें 6 ग्रुप में बांटा जाएगा। राज्य में पहली बार यह आयोजन हो रहा है। एडीजी सुमन गुप्ता ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। सम्मेलन के समापन के दौरान सीएम हेमंत सोरेन शामिल होंगे। 23 अगस्त को यह सम्मेलन 12.15 से शुरू होगी और पांच बजे शाम तक चलेगी। वहीं दूसरे दिन यानि 24 अगस्त को यह सम्मेलन सुबह के 9.30 बजे से शुरू होगी और दोपहर 2.30 बजे समापन होगा। इस सम्मेलन का थीम है महिला पुलिस, सेवा, सुरक्षा व सम्मान। इसमें महिला पुलिस को कार्य स्थल पर होने वाली परेशानी, आवश्यकताओं सहित विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श होगा। इसमें महिला अधिकारियों की चुनौती, उपलब्धि व भविष्य की कार्ययोजना पर विशेष तौर पर चर्चा की जाएगी। डीजीपी ने बताया कि पुलिस सम्मेलन में राज्य की पुलिस के सभी जिला और इकाई से आरक्षी, हवलदार, जमादार, दारोगा, इंस्पेक्टर, डीएसपी सम्मिलित होंगे। डीजीपी के अनुसार महिला पुलिसकर्मियों के लिए यह खुला मंच होगा, जहां वे अपनी समस्याओं का खुलकर जिक्र करेंगी।




**इन छह मुख्य मुद्दे पर होगी चर्चा**

- पुलिस और कल्याण मामले में महिलाओं के लिए न्यूनतम सुविधा।
- प्रशिक्षण की आवश्यकताएं और दृष्टिकोण में परिवर्तन।
- पुलिस बल में महिलाओं की उन्नति का समर्थन करने वाली नीतियां।
- पुलिस में महिलाओं के लिए जीवन शैली प्रबंधन।
- पुलिस में महिलाओं के लिए फोरम।
- समाज में योगदान।

## उत्पाद सिपाही की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

# अभ्यर्थियों की चल रही शारीरिक दक्षता जांच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश के बाद झारखण्ड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के कुल 583 उत्पाद सिपाही की नियुक्ति के लिए गुरुवार से शारीरिक दक्षता हेतु जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसमें 5,13,832 आवेदक भाग लेंगे। साहेबगंज समेत अन्य जिलों में अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता की जांच शुरू कर की दी गई है। पलामू जिला में 27 अगस्त से शारीरिक दक्षता परीक्षा की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। अन्य जिलों में शुक्रवार से शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए कुल 7 चयन पार्षद द्वारा करीब 6000-6000 आवेदकों की शारीरिक दक्षता की जांच की जाएगी। इसको लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई है। मुख्यमंत्री ने इस प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कर समय सीमा के अंदर नियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने झारखण्ड पुलिस के तहत आरक्षियों की बहाली भी जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया है।




**नियुक्तियों को लेकर सजग सरकार :** जेपीएससी और जेएसएससी के द्वारा लगातार विभिन्न रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन जारी कर अहर्ता प्राप्त अभ्यर्थियों से आवेदन स्वीकार कर नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है। वर्ष 2020 से अबतक (जून, 2024) में भेजी गई अधियाचित 26443 पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। साथ ही, परीक्षा आयोजित कर नियुक्ति का क्रम जारी है।

## जॉफ ने प्राइवेट इक्विटी से सीरीज ए फंडिंग में 40 करोड़ रुपए जुटाए

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रमुख मसाला ब्रांड, जॉफ ने जेएम फाइनेंशियल इंडिया ग्रोथ फंड तीन के माध्यम से जेएम फाइनेंशियल प्राइवेट इक्विटी से सफलतापूर्वक 40 करोड़ रुपए जुटा लिए हैं। जिससे नए प्रोडक्ट्स को लॉन्च करने और व्यवसाय को रेडी-टू-कुक, मसाले, कुकिंग पेस्ट और सीजनिंग किट जैसे नए क्षेत्रों में विस्तार करने के लिए करेगी। अपनी ब्रांड की उपस्थिति को बढ़ाना और ब्रांड के व्यापार और निर्यात को बढ़ाने के लिए बाजार में एक मजबूत ऑफलाइन नेटवर्क बनाना है। फंडिंग पर को-फाउंडर आकाश अग्रवाल ने कहा, जेएम फाइनेंशियल प्राइवेट इक्विटी से फंडिंग प्राप्त करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमारी कंपनी ने पिछले कुछ सालों में तेजी से वृद्धि की है और यह निवेश हमें अपने संचालन को बढ़ाने और साथ ही अपनी पहुंच का विस्तार करने के लिए प्रेरित करेगा।



### होटल रेडिसन ब्लू में फूड फेस्टिवल आज से

**रांची।** शहर के प्रतिष्ठित होटल रेडिसन ब्लू में शुक्रवार से दी इंडियन कोस्टल फूड फेस्टिवल की शुरूआत हो रही है। इस फूड फेस्टिवल में देश के विभिन्न प्रांतो के तटीय इलाकों में प्रचलित और लोकप्रिय व्यंजनों को परोसा जाएगा। यह फूड फेस्टिवल 1 सितंबर तक चलेगा और इस दौरान एक से एक लजीज व्यंजन ग्राहकों परोसे जाएंगे। गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी होटल के मुख्य शेफ रामचंद्र उरांव ने दी। उन्होंने बताया कि रांची वासियों को समय-समय पर देश के अन्य प्रति के लोकप्रिय व्यंजन उपलब्ध कराने के लिए फूड फेस्टिवल आयोजित किए जाते हैं।

## नगर विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक

# रांची स्मार्ट सिटी में बिग प्लेयर्स को आमंत्रित करने का होगा प्रयास : सुनील कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि रांची स्मार्ट सिटी में आधारभूत संरचना का विकास हो चुका है। अब यहां कुछ बिग प्लेयर्स को आमंत्रित करने की जरुरत है, जिससे विकास को और गति मिलेगी। उन्होंने जीआरडीए क्षेत्र में विकसित हो रहे कोर कैपिटल के विकास को लेकर भी नई गाइडलाइन जारी करने का निर्देश दिया है । गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित प्रथम तल सभागार में राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने ये बात कही। इस बैठक में नगर विकास एव आवास विभाग के वरीय अधिकारियों द्वारा नगर निवेशन,नागरिक सुविधा,परिवहन मद,जलापूर्ति,स्थापना मद,15वें वित्त आयोग के तहत चल रही योजनाओं और उनकी अद्यतन जानकारी भी प्रधान सचिव को दी गयी। अगले क्रम में रांची स्मार्ट सिटी, जीआरडीए, आरआरडीए, माडा और राज्य शहरी विकास अभिकरण के अंतर्गत चल रही स्वच्छ भारत मिशन,अमृत,नमामि गंगे इत्यादि योजनाओं की भी समीक्षा की गई। सभी संस्थाओं की ओर से पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए प्रधान सचिव को संस्था और उसकी योजनाओं के बारे में बताया गया। समीक्षा के क्रम में सभी संबंधित संस्थाओं को प्रधान सचिव ने कई आवश्यक निर्देश दिए।



**बैठक में ये भी रहे मौजूद :** बैठक में राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार,विभाग में अपर सचिव मनोहर मरांडी,अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार,निदेशक नगरीय प्रशासन सत्येन्द्र कुमार,रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह,संयुक्त सचिव नगर विकास विभाग दीपक दूबे,संयुक्त सचिव ज्योत्षना सिंह के साथ साथ ,सूडा,डीएमए,जुडको,रांची स्मार्ट सिटी,जीआरडीए,आरआरडीए के अधिकारी मौजूद रहे।




## सीसीएल व ईडीसीआईएल के बीच हुआ एमओयू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रोजेक्ट डिजिटल विद्या' अंतर्गत झारखंड के 8 जिलों (रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, लातेहार, चतरा, गिरिडीह एवं पाकुड़) के 193 सरकारी स्कूलों में 1 स्मार्ट क्लास और 1 आईसीटी लैब के अधिष्ठापन हेतु कोल इंडिया की अनुषंगी - सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं ईडीसीआईएल इंडिया लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) सम्पन्न हुआ। कंपनी की सीएसआर निधि द्वारा 26.13 करोड़ रुपये के लागत से इनके अधिष्ठापन के अतिरिक्त स्थानीय पाठ्यक्रम आधारित डिजिटल सामग्री, शिक्षक प्रशिक्षण एवं 3 वर्षों तक उपकरणों का रखरखाव शामिल है। यह पहल कोयला मंत्रालय के विजन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य कोयला खनन वाले जिलों के सरकारी स्कूलों को डिजिटल शिक्षा से युक्त कर ग्रामीण छात्रों तक आधुनिक शिक्षण पद्धति उपलब्ध कराना है। अवसर विशेष पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र महाप्रबंधक(सीएसआर) एस एस लाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### वेस्ट बोकारो में बेखौफ चल रहा बालू का अवैध कारोबार

**रामगढ़।** जिला खनन विभाग के उदासीनता के कारण इन दिनों वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में बेखौफ अवैध बालू का कारोबार जोर शोर से चल रहा है। जिसकी सूधी लेने वाला कोई नहीं है। ऐसा नहीं है की यह धंधा कोई नया शुरू हुआ है। पहले भी बालू का अवैध कारोबार चल रहा था। प्रशासन के डर से इस काम को बालू माफिया अल सुबह छह बजे तक करते थे। उसके बाद दिन भर इस काम को बंद कर देते थे। इधर कुछ दिनों से दिन भर बालू लदा ट्रैक्टर केदला, घाटो, परेज, प्रेमनगर, सारुबेड़ा, चरही, कुजू, रामगढ़ सहित आस पास के क्षेत्र में दौड़ते हुए नजर आ जाएंगे। वहीं चुटूवा नदी से दिन भर जगह जगह बालू निकालते हुए ट्रैक्टर भी आपको मिल जाएंगे। इस बालू को क्षेत्र में चल रहे घरों के निर्माण से लेकर सीसीएल और टाटा स्टील वेस्ट बोकारो के ठेकेदार उपयोग कर रहे हैं।

### कल से शुरू होगी आजसू प्रखंड स्तरीय अंतर पंचायत खेलकूद प्रतियोगिता

**गोला।** गोला के कामता स्थित चन्द्रप्रकाश चौधरी इंटर महाविद्यालय में खेल प्रेमियों की बैठक प्रखंड प्रभारी रणधीर बसेरिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें युवा आजसू की ओर से प्रखंड स्तरीय अंतर पंचायत खेल खुद प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें क्रिकेट, फुटबाल, मिनि मैराथन व वालीबॉल मैच का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन 24 अगस्त को सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व विधायक सुनीता चौधरी करेंगे। मौके पर विशु रजवार, रविन्द्र कुमार, कुंदन कुशवाहा, अंकित कुमार, महेन्द्र महतो, कीर्तन महतो, शिवा बेदिया, लकी बेदिया, नितिश खन्ना, मंटू महतो, सतीश करमाली, रामा करमाली, प्रकाश करमाली, सुजित गुप्ता, राहुल कुशवाहा, अरुण दांगी, रामा करमाली, भास्कर कोटवार आदि मौजूद थे।

### पतरातू डैम का जलस्तर 1328 रेडियस लेवल तक पहुंचा

**पतरातू।** पतरातू डैम का जलस्तर लगभग 1328 रेडियस लेवल तक पहुंच चुका है। इसलिए अब डैम के फाटकों को खोलकर जल निकासी करने की पूरी संभावना बढ़ गई है। जबकि डैम का जलजमाव क्षमता 1332 रेडियस लेवल है। पीटीपीएस शेष परिसंपत्ति के प्रशासक एसके पंडा बताते हैं कि वर्तमान समय में डैम का जलस्तर 1328 रेडियुस लेवल तक पहुंचने वाला है। इसलिए बुधवार की रात या फिर गुरुवार की सुबह डैम के फाटक खोले जाने की पूरी संभावना है। इसलिए डैम की सुरक्षा को लेकर डैम के फाटकों को खोलकर जल निकासी की जाएगी। डैम में मिट्टी और गाद भर जाने के कारण डैम की गहराई में कमी हो गई है। इसलिए अब प्रतिवर्ष डैम का जलस्तर 1328 रेडियस लेवल पहुंचने पर ही डैम की सुरक्षा को लेकर इसके फाटक खोलकर जल निकासी की जाती है।

---

**कृषि व अन्य संबद्ध विभागों के कार्यों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, कहा**

# पशुपालन, गव्य विकास व मत्स्य पालन से जुड़े लाभुकों को केसीसी के लाभ से करें आच्छादित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा इस वर्ष जिले के अलग-अलग क्षेत्र में हुई वर्षापात सहित कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी परियोजना निदेशक आत्मा से ली गई। वहीं धान, मक्का, दलहन, तिलहन, मोटा अनाज सहित अन्य फसलों के अच्छादन के तहत प्रखंडवार अब तक हुए कार्यों की समीक्षा कर उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति करने का निर्देश दिया। जिले में फर्टिलाइजर की उपलब्धता की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने किसी भी परिस्थिति में निर्धारित दर से अधिक दर पर फर्टिलाइजर्स की बिक्री अथवा कालाबाजारी जिले में न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया । वहीं, उन्होंने इस संबंध में कार्यपालक दंडाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, सहायक कृषि पदाधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को जिले के अलग-अलग क्षेत्र में फर्टिलाइजर विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। बीज वितरण कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने रामगढ़ जिला को बीज उत्पादन की दिशा में अग्रणी बनाने को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में अगले एक सप्ताह में विस्तृत कार्य योजना तैयार कर जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने इस कार्य में कृषि विज्ञान केंद्र के साथ समन्वय करने तथा आगामी रबी मौसम के पूर्व जिला स्तर पर पर्याप्त मात्रा में बीज उत्पादन करने तथा अन्य जिलों व राज्यों को बीज उपलब्ध कराने की दिशा में जिला को अग्रसर बनाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को योजना पर विशेष ध्यान देते हुए 31 अगस्त तक अभियान मोड में योग्य लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया।

---

# प्रसव के दौरान वार्ड सदस्य फूलमती देवी का निधन




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत अंतर्गत बाजूकोला निवासी वार्ड सदस्य फूलमती देवी 30 वर्ष, पति तालो बेसरा का प्रसव के दौरान मौत हो गई। प्रसव पीड़ा के उपरांत वार्ड सदस्य को उप स्वास्थ्य केंद्र शिलाडीह लाया गया। जहां एएनएम मेनका कुमारी के द्वारा इसका इलाज किया गया। जिसके बाद एएनएम मेनका कुमारी ने परिजनों को कहा कि यहां प्रसव संभव नहीं है, इनकी स्थिति गंभीर है। आप इसे ले जाएं। इसके बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने नाजुक हालत को देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया। तत्पश्चात हजारीबाग जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई।विदित हो कि फूलमती देवी उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बाजूकोला के प्रबंधन समिति का सदस्य थी जिसे लेकर विद्यालय परिवार ने 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। मृतका की एक 8 वर्षीय पुत्री है और आर्थिक स्थिति गंभीर है। वही भारत जकात मांझी परगना महल के प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा और ग्रामीणों का आरोप है कि उप स्वास्थ्य केंद्र में सही से इलाज नहीं होने के कारण मृतका की स्थिति बिगड़ गई।

---

## न्यूज बॉक्स

**लोगों के सहयोग से जर्जर सड़कों की हुई मरम्मत**

### हर समस्या का शीघ्र किया जाएगा निदान : प्रदीप प्रसाद



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा के कटकमदाग प्रखंड के बेस के जारा टोला सहित कई मोहल्ले में जर्जर सड़क की मरम्मती भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के द्वारा किया गया। जारा मोहल्ला के लोगों को आने जाने में काफी कठिनाइयों कर सामना करना पड़ रहा था। इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने प्रदीप प्रसाद को दिया। उन्होंने अहलें सुबह बेस पहुंचकर स्थानिय ग्रामीणों के सहयोग से मरम्मति कर चलने योग बनाया गया। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हर समस्या का निदान होगा। श्री प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का विजन हर आम लोगों तक सुविधा मुहैया करवाना है। उन्होंने कहा कि सदर विधानसभा के हर सुख दुख में सदैव तत्पर रहता हूं। इस अवसर पर बेस मुखिया दीपक यादव, भाजपा कटकमदाग प्रखंड महामंत्री अरुण कुमार राणा, पूर्व प्रमुख विजय लाल, मुखिया संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, उप प्रमुख विमल गुप्ता, गणेश राणा,राजेंद्र यादव ,शंभू राणा, तिलेश्वर गंझु,, सोनू राणा विक्की राणा, राहुल कुमार, शशि ठाकुर, राजेश ठाकुर सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद पहुंचे शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, स्थिति का लिया जायजा



**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल चिकित्सीय लापरवाही की सूचना के बाद भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद गुरूवार को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचे और स्थिति का लिया जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी ओपीडी सहित अन्य वार्डो का दौरा किया। उन्होंने प्रेस को बताया कि सदर अस्पताल की स्थिति दयनीय है। यहाँ हाफ ट्रेंड नर्स है। डॉक्टर्स भी समय पर नहीं आते। ऊपर से कोलकत्ता की घटना के बाद डॉक्टर्स हड़ताल पर है। मरीजों की स्थिति गंभीर है। एक दो लोगो की मौत हो गयी है। उन्होंने डॉक्टर्स से अपील करते हुए कहा की जो मरीज गंभीर अवस्था में हॉस्पिटल में भर्ती है उन्हें संवेदना के आधार पर डॉक्टर देखे। डॉक्टर्स को भगवान का दर्जा दिया गया है। इस मामले को लेकर वे सिविल सर्जन एस पी सिंह से मिले और समस्या का समाधान करने को कहा। इधर इस मामले पर सिविल सर्जन एस पी सिंह ने कहा कि गंभीर मरीजों का इलाज किया जा रहा है। डॉक्टर्स मरीजों को देख भी रहे है। हां ये बात जरूर है की डॉक्टर्स के हड़ताल पर जाने पर सर्जरी वाले मरीजों को परेशानी हो रही है। डॉक्टर्स लोग हड़ताल पर है। उनकी कुछ मांगे है। सरकार अपने स्तर पर काम कर रही है। मांगे पूरी होते ही डॉक्टर्स हड़ताल खत्म कर देंगे तो परेशानी भी दूर हो जाएगी। अस्पताल की दयनीय स्थिति पर बताया कि पहले और अब में बहुत अंतर है। पहले से अब अस्पताल बेहतर स्थिति में है। आने वाले समय में जो भी कमिया है उसे दूर कर दी जाएगी।

**एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने कार्यों का किया निरीक्षण**

### सिक्स लेन कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं : विधायक



**बरकट्ठा।** स्वर्णिम चतुभुर्जी जीटी रोड को सिक्सलेन में अपग्रेड के लिए निर्माण कार्य कछुए की गति से हो रही है। इस वजह से आये दिन जीटी रोड के विभिन्न स्थानों पर सड़क हादसे हो रहे हैं। लोगों की असमय मौत हो रही है। बरकट्ठा का निमार्णाधीन जीटी रोड मौत को दावत दे रहा है। सकरेज से गोरहर तक डेंजर जोन बन चुका है। स्थानीय लोगों की माने तो रोड मौत का कुआं बन गया है।थोड़ी चूक से बड़ा हादसा हो सकता है। इधर सोमवार को हुए सड़क हादसे में दो लोंगो की मौत हो गई। इसी निमित सड़क निमार्णाधीन को लेकर विधायक अमित कुमार यादव ने सड़क निर्माण कार्य देखने के लिए एनएचएआइ के प्रोजेक्ट डायरेक्टर (पीडी) को बुलाया। विधायक ने सिक्सलेन कार्य में काफी अनियमितता बरते जाने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि सिक्सलेन व फ्लाईओवर निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के लिए एनएचएआई के पीडी को बरकट्ठा बुलाया गया। पीडी धीरज भारती ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्हें नित्य प्रतिदिन हो रही घटनाओं से अवगत कराया। पीडी ने पाया कि पीसीसी, मरम्मती, जेएसबी का कार्य ठीक से नही किया जा रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं किया जा रहा है। वहीं कार्य के क्रम में रोड सुरक्षा मानकों का ख्याल नही रखा जा रहा है। विधायक ने पीडी धीरज भारती को बताया कि अबतक सड़क हादसों में दर्जनों लोगो की जान जा चुकी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सिक्सलेन निर्माण कार्य कर रही कंस्ट्रक्शन कंपनी एक सप्ताह में अपने कार्य में सुधार नही लाती है तो कंपनी का खुटा डंडा कबाड़कर इसको विदा कर दिया जाएगा।

---

**सांसद ने डेढ़ किमी नाली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास**

# मंडईखुर्द ग्रामवासियों का जीवन होगा सुगम



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
लोकसभा क्षेत्र के सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सदर प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत मंडई खुर्द के ग्रामीणों का सड़क में नाली नहीं होने के कारण बरसात और अन्य समय में आवागमन दुभर था। इस समस्या को करीब से देखने के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मंडई खुर्द ग्राम वासियों से वादा किया था की यहां व्यापक स्तर पर गुणवत्त नाली निर्माण का कार्य जल्द होगा। गुरूवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने मंडई खुर्द पंहुचकर यहां कसियाडीह मोड़ पर भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात उन्होंने हजारीबाग जिले के जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता और स्थानीय मुखिया उषा देवी सहित अन्य लोगों संग मिलकर यहां डीएमएफटी मद की राशि करीब 01 करोड़ 57 लाख रुपए की राशि से मंडईखुर्द ग्राम बड़कीखोरी मंडई में मनोज यादव के घर से न्यू पंचायत भवन मंडई होते हुए अंबेडकर चौक तक नाली निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस दौरान यहां उन्होंने ग्रामीणों की अन्य समस्यों से भी रूबरू हुए। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया की करीब डेढ़ किमी लंबी दूरी के नाली का निर्माण यहां होगा। जिससे ग्रामीणों को आवागमन और परिवहन में बड़ी सहूलियत होगी। सांसद मनीष जायसवाल ने मंडई खुर्द ग्राम वासियों से गुणवत्त नाली निर्माण के लिए संवेदनशील रहने और स्टीमेट के अनुरुप संवेदक से गुणवत्त कार्य करवाने का अपील भी किया ।मौके पर भाजपा नेता विजय कुमार, अनिल पांडेय, महेश प्रसाद, राजकुमार महतो, रोहित कुशवाहा, लीलो महतो, यमुना यादव, शंकर दास, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

---

**प्रज्ञा केंद्र संचालक भी लेंगे 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में हिस्सा**

# जनहित के कार्य में वीएलई ने हमेशा निभाई है महत्वपूर्ण जिम्मेदारी : डीएम



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में जिले के कॉमन सर्विस सेंटर उर्फ प्रज्ञा केंद्र संचालक अपनी महत्ती जिम्मेवारी निभायेंगे. उक्त संबंध में सीएससी डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मो निजामुद्दीन व रौशन कुमार ने सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों से एक पेड़ लगाने की अपील की है. इन दोनों ने बताया कि प्रज्ञा केंद्र संचालक जनहित के कार्य करने में सदैव ही महत्ती भूमिका निभाई है. इस कार्य में भी पूर्ण विश्वास है कि सभी संचालकों की सार्थक भूमिका होगी. सभी संचालकों से वृक्ष लगाते हुए फोटो को सीएससी के निर्धारित ऐप पर अपलोड करने की भी बात कही है. वहीं जिला डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज पंचायत मुकेश झा ने बताया कि सरकारी योजना हो या गैरसरकारी सीएससी संचालकों ने रिकार्ड मेहनत की है. एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में भी सभी संचालक वृक्ष लगाकर आम लोगों को पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देंगे. साथ ही अन्य लोगों को भी वृक्ष लगाने और सुरक्षित करने के लिए प्रेरित करेंगे।

### महेंद्र कुमार महतो बने भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता

**पतरातू।** भाजपा पतरातू प्रखंड के वरिष्ठ नेता महेंद्र कुमार महतो को भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर उन्हें कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। महेंद्र कुमार महतो ने बताया कि उन्हें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की सहमति और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के निर्देश पर भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव ने उन्हें भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा का प्रदेश प्रवक्ता बनाया है।

---

### बीसीएम डिग्री कॉलेज में नए सत्र के छात्र छात्राओं को निदेशक ने पौधा देकर किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित बी.सी.एम. डिग्री कॉलेज सेमेस्टर-IV और सेमेस्टर-क्क के छात्र-छात्राओं ने मिलकर नए सत्र 2024 -28 सेमेस्टर -कके छात्रों का भव्य स्वागत किया। इस निमित बी.सी.एम. डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ आईपी भारती मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।वहीं स्वागत हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना व पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. आईपी भारती, मुरलीधर महतो, मोनिका कुजूर, संतोष कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम समाप्ति के बाद आईपी भारती ने नए सत्र के छात्र-छात्राओं को फलदार पौधा देकर स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जिस जगह पर स्टूडेंट को अपनी संस्कृति और विरासत के बारे में जानकारी दी जाती है वहां छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने नये छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।कार्यक्रम में सीनियर छात्रों ने पारंपरिक नृत्य, गीत और अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर डॉ. महेश प्रसाद, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. कुमारी ऋषि बाला, डॉ. मोनिका कुजूर आदि उपस्थित रहे।

---

**सहायक अध्यापकों ने साथी शहीद शिक्षक मुनेश्वर सिंह को किया याद, दी श्रद्धांजलि**

# मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा संघर्ष एकता और मजबूती बनाए रखें : संजय



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
विगत 22 अगस्त 2007 को पारा शिक्षको की मांग को बुलंद करने के दौरान पुलिस की लाठी से घायल होकर शहीद होने वाले शहीद पारा शिक्षक मुनेश्वर सिंह की 17वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम सहायक अध्यापक संघ बरही इकाई के तत्वावधान में प्रखंड परिसर स्थित बुद्धिजीवी मंच परिसर में आयोजित की गई थी. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे सहित प्रखंड के दर्जनों सहायक अध्यापक शामिल हुए. उपस्थित लोगो ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए साथी शहीद शिक्षक को नमन किया. इसी क्रम में 2018 के आंदोलन में शहीद हुए अन्य साथियों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. प्रदेश अध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि आज का दिन सभी साथियों को संकल्प लेने की आवश्यकता है कि जब तक राज्य के सभी सहायक अध्यापक को वेतनमान ई पी एफ तथा अन्य मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा. प्रखंड सचिव मनोज घोष ने कहा कि सरकार शिक्षकों को केवल पढ़ाने का कार्य दे अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षक को दूर रखें. इन्होंने यह भी कहा कि आकलन पास किए लगभग 1 वर्ष बीतने को है परंतु अभी तक 10% मानदेय में वृद्धि नहीं किया गया है. सेवा संपुष्टि के फल स्वरुप जनवरी से मानदेय में 4% प्रत्येक वर्ष वृद्धि होना है.जिसमें भी बीआरसी शिथिलता बरत रही है. कार्यक्रम के अंत में सबों ने एकताऔर संघर्ष जारी रखने के संकल्प लेते हुए शहीद व मोर्चा के पक्ष में नारे भी लगाए. मौके पर सीआरसी अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद, रंजीत सिंह कोषाध्यक्ष, सनौवर अंसारी, मनोज ठाकुर, पुष्पा देवी, ललिता देवी आदि कई सहायक अध्यापक मौजूद थे।

---

**गांधी स्मारक जिला विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का आयोजन**

# भारतीय संस्कृति अगर नहीं रहेगी, तो भारत का परिचय समाप्त हो जाएगा : कमल बागोरिया

*आज का समय संस्कृत भाषा की रक्षा का है, संस्कृत भाषा के बिना भारत की संस्कृति निर्जीव हो जाएगी*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
गांधी स्मारक जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय रामगढ़ में संस्कृत सप्ताह के छठ दिन कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ संतोष कुमार अनल की अध्यक्षता में किया गया। कक्षा-7 ए की छात्राओं हबीबा और नेहा कुमारी ने चतुर्दश माहेश्वरसूत्र का पाठ कर तथा कक्षा-6 ब के छात्रों प्रतीक, अनमोल नायक, पीयूष बेदिया और अभय कुमार ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कमल बागोरिया ने संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को बताया कि संस्कृत भाषा के बिना भारत की संस्कृति निर्जीव हो जाएगी और भारतीय संस्कृति अगर नहीं रहेगी तो भारत का परिचय समाप्त हो जाएगा अतः आज का समय संस्कृत भाषा की रक्षा का है जब आज संस्कृति अपेक्षा करोगे तो कल हमारा अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनील कुमार कश्यप जिला संयोजक संस्कृत भारती रामगढ़ ने कहा कि कंप्यूटर के लिए सबसे उपयुक्त भाषा संस्कृत है। संस्कृत के जाने बिना कंप्यूटर को समझना आसान नहीं होगा।

---

### मुखिया प्रियंका कुमारी ने छात्र-छात्राओं के बीच किया साइकिल का वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड के झुरझुरी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सकरेज एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय झुरझुरी में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'उन्नति का पहिया' के तहत छात्र छात्राओं के बीच मुखिया प्रियंका कुमारी, झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता,भीम आर्मी अध्यक्ष प्रमोद दास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय यादव ने संयुक्त रूप से स्कूली बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया। साइकिल मिलने पर छात्र-छात्राओं काफी उत्साहित नजर आयें। मुखिया प्रियंका कुमारी ने कहा कि झारखंड सरकार विद्यार्थियों के बेहतर शिक्षा के लिए दृढ़संकल्पित है। आम जनों के साथ साथ विद्यार्थियों के लिए भी कई योजनाएं चलाई जा रही है। झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्नति का पहिया, उम्मीदों का पहिया। अब विद्यालय की दूरी बच्चों की पढ़ाई को बाधित नहीं कर पायेगी। पढेगा झारखंड और आगे बढ़ेगा झारखंड। वितरण कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक शिक्षक कैलाश पासवान, पत्रकार कुंवर यादव, अभिभावक लखन यादव, शिक्षक राजेश्वर प्रसाद, पंकज कुमार सिन्हा, कुंती देवी समेत आदि लोग उपस्थित थे।

---

**बरकट्ठा में फैल रहे अज्ञात बीमारी को लेकर भाजपा ने सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन**

# इस बीमारी की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे : सिविल सर्जन



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
भाजपा नेता अनुप कुमार ने सिविल सर्जन हजारीबाग से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि ज्ञापन में बताया गया है कि बरकट्ठा उत्तरी पंचायत के ग्राम डाकडीह व साहू टोला में एक अज्ञात बीमारी तेजी से फैल रहा है। बीमारी की चपेट में पूरा गांव आ रहा है । इस बीमारी का लक्षण है कि लोगों को तेज बुखार ,हाथ- पैर जाम हो जाना और शारीरिक कमजोरी हो जाती है।यह बीमारी आगे ना फैले इसलिए गंभीरता पूर्वक ध्यान देते हुए विशेष मेडिकल टीम भिजवाकर इसकी जांच करवाने और उचित इलाज की जाए। वहीं सिविल सर्जन ने अनुप भाई की बातों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए कहा कि मैं इस त्वरित कार्रवाई करता हूं और इस बिमारी के रोकथाम के लिए उचित कदक उठायें जायेंगे। उन्होंने कहा कि जिला से मेडिकल टीम उक्त गांव में जाकर जांच करेगी और जरूरत के अनुसार गांव में कैम्प किया जाएगा। उन्होंने आवेदन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ,स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, उपायुक्त हजारीबाग को दिया है।

# भाजयुमो की युवा आक्रोश रैली में पांच हजार कार्यकर्ता होंगे शामिल : डॉ नीरा

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोडरमा।** रांची के मोरहाबादी मैदान में 23 अगस्त को आयोजित भाजयुमो की युवा आक्रोश रैली में कोडरमा विधानसभा क्षेत्र से भी पांच हजार कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त बातें विधायक डॉ नीरा यादव ने बुधवार को कोडरमा स्थित अपने आवास पर बातचीत में कही है। उन्होंने कहा कि युवा आक्रोश रैली में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को शामिल करने की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इसको लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के अलावा विभिन्न मंडलों के साथ शहरी,ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार पार्टी नेता, कार्यकताओं से इस रैली में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने झारखंड की हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा और हमला किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार से युवाओं को काफी उम्मीदें थी। लेकिन राज्य के युवा इस सरकार से ठगे गए हैं और अब उनका आक्रोश आक्रोश रैली के जरिए सामने आएगा। उन्होंने कहा कि रैली को लेकर व्यापक तौर पर तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि न तो राज्य के युवाओं को रोजगार मिल पाया और ना ही रोजगार के अभाव में वादा कर हेमंत सरकार बेरोजगारी भत्ता दे पाई। अब समय आ गया है कि युवा हेमंत सरकार के खिलाफ हुंकार भरने की तैयारी करें,जिसका ट्रेलर आक्रोश रैली में दिखेगा। प्रेस वार्ता में भाजपा नेता मनोज कुमार झुन्नू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रो. राजेश सिंह,कोडरमा मंडल अध्यक्ष अजय पांडेय मौजूद थे।

## रैली की तैयारी को लेकर भाजपा ने की बैठक



**कोडरमा।** सांसद अन्नपूर्णा देवी के चाराडीह स्थित आवासीय कार्यालय में 23 अगस्त को रांची में आयोजित युवा आक्रोश रैली की तैयारी को लेकर बुधवार को भाजपा की बैठक हुई। शुरूआत पं दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और भारत माता की जयघोष के साथ की गई। बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमेश सिंह,प्रभारी जिला उपाध्यक्ष देवनारायण मोदी उपस्थित थे। बैठक में युवा आक्रोश रैली पर चर्चा हुई। वरीय नेता रमेश सिंह ने कहा कि यह रैली राज्य की धोखेबाज, निकम्मी और भ्रष्ट हेमंत सरकार के खिलाफ जनाक्रोश को अभिव्यक्त करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भाजयुमो की इस रैली में राज्य के विभिन्न मंडलों से हजारों की संख्या में युवाओं की भागीदारी होगी।

## बांसजोर में स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बांसजोर।** आकांक्षी प्रखण्ड बांसजोर सभागार में माइक्रोशेव कंसल्टिंग के सहयोग से दृशना संस्था ने सेबी और बीएसई के बैनर तले एकदिवसीय स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन। इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस बांसजोर की सभी कैडर, स्वयं सहायता समूह की दीदीयां एवं सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भाग ली। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बांसजोर इमानुएल जयबीरस लकड़ा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय संपत्ति को लेकर जागरूक होना अतिआवश्यक है। वहीं दृशना संस्था के सचिव चितेश प्रवाल एवं राज्य से आये सोनल के द्वारा वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव ,बचत की अहमियत और भारत सरकार की विभिन्न बीमा, पेंशन एवं लाभकारी योजनाओं के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर आंकाक्षी प्रखण्ड फेलो प्रशांत तिवारी, जेएसएलपीएस के सामुदायिक समन्वयक मुंगेशवर साहु , दिगपाल सिंह ,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**सतगावां।** सतगावां थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबाबाद पंचायत के ग्राम पुतोडीह टोला तीनघरवा में बुधवार को घास काटने को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान ब्रह्मदेव प्रसाद विद्यार्थी, उम्र 52 वर्ष, पिता प्रसाधी महतो के रूप में हुई है। घटना के बाद घायल अवस्था में परिजन ने उसे थाना लाए। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया गया। घायल की पत्नी शांति देवी ने बताया कि खेत में घास काटने को लेकर अपने ही गोतिया से विवाद हो गया। इस दौरान मारपीट हुई और सर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया जा रहा है।

### वनभोज कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक विक्सल कोंगाड़ी

**बोलबा।** प्रखंड के मालसाड़ा मकड़ीटोली में बैठक सह सामूहिक वनभोज कार्यक्रम संपन्न हुआ। वनभोज कार्यक्रम विधायक विक्सल कोंगाड़ी उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने कहा कि पहली बार राज्य में झारखंडियों ने अपनी सरकार बनाई। जिसका प्रतिफल यह रहा कि राज्य में सरकार बनते ही समस्त राज्यवासियों के हित में फैसले लिए गए। पुर्व सरकार की जनविरोधी नीतियों को रद्द किया गया। राज्य में निवास करने वाले सभी लोगों के विकास के लिए कई योजनाओं को बना कर धरातल पर उतारने का काम सरकार ने किया है। विधायक ने कहा कि माताओं-बहनों को बारह हजार रुपये सालाना देने की शुरूआत की गई है। उन्होंने सभी माता और बहनों से योजना का लाभ उठाने की अपील की। मौके पर रावेल लकड़ा, संजय कुजूर, ज्वलंत बेक, सुनील, अन्टोनी डुंगडुंग, अमित टोप्पो, जॉर्ज मिंज सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बदलते मौसम से अस्पतालों में बढ़ रही है मरीजों की संख्या

**सिमडेगा।** तेजी से बदल रहे मौसम का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखना शुरू हो गया है। इन दिनों मौसमी बीमारी के प्रकोप में बेतहाशा वृद्धि देखी जा रही है। सदर अस्पताल में अन्य दिनों की अपेक्षा इन दिनों बड़ी तदाद में मरीज पहुंच रहे हैं। अस्पताल में सर्दी, जुकाम, सिर दर्द, उल्टी जैसी बीमारियां के मरीज ज्यादा आ रहे है। सरकारी अस्पतालों में जहां सुबह से लेकर शाम तक मरीजों का आना जाना जारी है। वहीं प्राइवेट नर्सिंग होम में भी मरीज पहुंच रहे हैं। मामूली सर्दी जुकाम को गंभीरता से लें। डीएस डॉ राजेश कुमार के अनुसार मौसम में काफी उतार चढ़ाव हो रहा है। डीएस के अनुसार इस मौसम में लोगों को अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। मामूली सर्दी जुकाम भी कई बार गंभीर बीमारियों का संकेत देते हैं। उन्होंने लोगों से पानी में भिंगने से बचने की सलाह दी है।

# ओड़गा थाना प्रभारी ने ऑटो को मारी पीछे से टक्कर, आधा दर्जन घायल



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**

थाना क्षेत्र अंतर्गत अर्जुन ढोढा पुल पास गुरुवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार एक ऑटो को पीछे से टक्कर दी। जिससे ऑटो सवार आधा दर्जन छात्र छात्रा घायल हो गए जानकारी के अनुसार ठेठईटांगर की तरफ से सिमडेगा की तरफ आ रही थी।इसी क्रम में अर्जुन ढोढा पुल के पास पीछे से तेज रफ्तार में अपनी कार में आ रहे ओडगा थाना प्रभारी विनय कुमार ने ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी की ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई ऑटो में सवार बीरु गुरुकुल के पांच छात्र सहित कोरोमिया निवासी एक युवती रेशमा कुमारी घायल हो गए।इनमें घायल युवती रेशमा कुमारी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।घटना के बाद सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर रुप से घायल रेशमा को रिम्स रेफर कर दिया गया है।इधर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है. बताया गया कि थाना प्रभारी की कार काफी तेज रफ्तार में थी, और ऑटो के समीप पहुंचने पर भी उनकी रफ्तार नहीं घटी. कार उनसे नहीं संभली और ऑटो को उन्होंने पीछे से टक्कर मार दी।अब अगर पुलिस अधिकारी हीं जब रफ्तार पर काबू नहीं रख पाएंगे तो वे आम जनता को रफ्तार पर काबू करना सिखाएंगे।

## नवनियुक्त कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का विधायक भूषण बाड़ा ने किया स्वागत, दी बधाई



**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने नवनियुक्त कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से शिष्टाचार मुलाकात कर बधाई दी। मौके पर विधायक ने उनका पूरे गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। साथ ही झारखंड प्रदेश में स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा कि केशव महतो कमलेश जी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने से झारखंड में कांग्रेस कमेटी काफी मजबूत हुई है। आगामी विधानसभा चुनाव में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का अनुभव काम आएगी। निश्चित ही हर सीट पर कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधन प्रत्यासी को जीत मिलेगी। साथ ही राज्य में एक बार पुनः एकतरफा बहुमत के साथ इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

# सिमडेगा उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा, अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में जाति प्रमाण निर्गत करने, जवाहर नवोदय विद्यालय, कोलेबिरा से टी.सी. प्रमाण पत्र दिलाने, जमीन विवाद, दिव्यांग पेंशन दिलाने, डीप बोरिंग का पेमेंट भुगतान करने, हर घर नल जल योजना से पानी आपूर्ति करने, स्थानांतरण एवं अन्य विषयों से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।



# सरकारी विद्यालयों को तंबाकू मुक्त बनाने का शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**




**कोडरमा।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान बनाने शिक्षकों को तंबाकू और इससे बने उत्पादों के उपयोग पर नियंत्रण को लेकर बुधवार को प्रशिक्षण दिया गया। जिला नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ रमण कुमार ने शिक्षकों को बताया कि तंबाकू और इससे बने उत्पादों का सेवन लोग वर्तमान परिप्रेक्ष्य में स्कूल जाने के उम्र में ही देखने को मिल रहा है, जो सभ्य समाज के लिए गंभीर विषय है। तंबाकू के सेवन से शारीरिक,मानसिक बीमारी का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी होने की संभावना रहती है। लोगों को इसके लिए जागरुक होने खासतौर पर युवा वर्ग को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। तंबाकू का सेवन किसी भी रूप में शरीर को नुकसान पहुंचाता है। मुख्य प्रशिक्षक डॉ नीलमणि कुमार ने इसके उपयोग से होने वाले परिणामों की जानकारी साझा किया। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी दीपेश कुमार ने कोटपा एक्ट 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन और संबंधित धाराओं के बारे में जानकारी दी। तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान घोषित करने जरूरी गतिविधियों के बारे में बताया गया। मनोवैज्ञानिक गणेश कुमार दास ने तंबाकू नशा मुक्ति केन्द्र में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। मौके पर मनोवैज्ञानिक गणेश कुमार दास, सोशल वर्कर हिमांशु कुमार, सिद्धान्त ओहदार, रेमिश हेंब्रम, इंदिरा कुमारी थे। प्रशिक्षण में शिक्षक बिनोद शर्मा, दिलीप कुमार बर्णवाल, वरुण कुमार, सुरेश कुमार, प्रदीप कुमार, संतोष कुमार पांडेय, सर्वेश चौबे, विश्वनाथ लकड़ा, ने हिस्सा लिया।

# संत जेवियर कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया 'अकेले नहीं है आप' कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**






संत जेवियर कॉलेज सामटोली, सिमडेगा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के तत्वावधान में विश्व सीनियर सिटीजन दिवस के मौके पर ₹अकेले नहीं है आप ₹कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम की शुरूआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिमडेगा, उपायुक्त सिमडेगा, पुलिस अधीक्षक सिमडेगा बार एसोशियन के अध्यक्ष, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, सिमडेगा, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत, प्राचार्य संत जेवियर कॉलेज, सामटोली, सिमडेगा के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रधान जिला जज- राजीव कुमार सिन्हा के द्वारा वरीष्ठ नागरिकों को कानुन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया। साथ ही साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा द्वारा जारी क्यू आर कोड के बारे में भी जानकारी दी गई एवं उपायुक्त सिमडेगा द्वारा जापान में वरिष्ठ नागरिकों के लिए चल रहे इकी गाय के बारे विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गई तथा पुलिस अधीक्षक सिमडेगा, बार एसोशियन के अध्यक्ष सिमडेगा, बार एसोशियन के सचिव सिमडेगा, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत, सिमडेगा तथा विद्वान अधिवक्ता भुषण सिंह के द्वारा वहाँ उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं एवं अन्य जानकारियों के बारे में बताया गया।

# सहारा इंडिया सहित ननबैंकिंग में जमा पैसे के भुगतान के लिए मंच का अभियान तेज

**नवीन मेल संवाददाता**




**कुरडेग।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के तत्वाधान में लिविनुस केरकेट्टा की अध्यक्षता में कुरडेग बाजारटाड़ में झारखंड बचाओ अभियान के तहत सहारा इंडिया, एपीलाईन, विश्वामित्र, इत्यादि विभिन्न ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांग को लेकर चलाई जा रही मुहिम के तहत बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित दल के केंद्रीय नेता सह प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के केंद्रीय प्रभारी नील जस्टिन बेक ने कहा है कि झारखंड बचाओ अभियान के तहत सहारा इंडिया सहित दर्जनों ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांग के लिए प्रधानमंत्री, गृह मंत्री व झारखंड के मुख्यमंत्री को विवरणी पर्ची भर कर दी जा रही है। 11 सितंबर 2024 को रांची में आयोजित मुख्यमंत्री के समक्ष जन प्रदर्शन कार्यक्रम में कुरडेग प्रखंड से भी सैकड़ो की संख्या में एकजुट होकर रांची चलने की अपील श्री बेक ने की है। वहीं दल के जिला सचिव शिवचंद मांझी ने कहा है कि दल द्वारा गरीब, मजदूर, किसान व महिलाओं के लिए भी काम की जाती है इसलिए अपनी समस्या लिखित में दे सकते हैं, उस पर कार्रवाई कराई जाएगी। बैठक में 28 अगस्त 2024 को झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के तत्वाधान में कुरडेग प्रखंड में जमा पैसे की भुगतान को लेकर न्याय दो मार्च निकाली जाएगी, तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम मुख्यमंत्री को मांग-पत्र भी भेजी जाएगी। वहीं प्रखंड क्षेत्र में संगठन को और सशक्त बनाने के अलावे कई निर्णय लिए गए हैं।

# पल्स पोलियो अभियान 25 से सभी वैक्सीनेटर को मिला प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोडरमा।** सदर हरॉस्पिटल सभागार में बुधवार को पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने को लेकर शहरी क्षेत्र अंतर्गत सभी वैक्सीनेटर को प्रशिक्षण दिया गया। जबकि जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ कुलदीप कुमार ने वैक्सीनेटर को पल्स पोलियो अभियान 2024 को सफल बनाने को लेकर जरूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले दिन 25 अगस्त को बूथ पर 90 फीसदी बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य है। दूसरे दिन 26 अगस्त को छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर पल्स पोलियो की दवा पिलानी है। इसके बाद भी कोई बच्चा पल्स पोलियो की खुराक लेने से छूट जाए, तो तीसरे दिन 27 अगस्त को दोबारा वैसे बच्चों को चिह्नित कर घर पर जाकर बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलानी है। अभियान के तहत शहरी क्षेत्र कोडरमा में जीरो से पांच वर्ष तक के कुल 5 हजार 110 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। इस अभियान के दौरान सुबह आठ बजे से अपराह्न चार बजे तक काम कर पल्स पोलियो की दवा पिलाया जाना है और रिपोटिंग भी किया जाना है।

## न्यूज बॉक्स

### कोलकाता में जूनियर महिला डॉक्टर के साथ रेप व हत्या के विरोध में निकाला कैंडल मार्च




**झुमरी तिलैया।** रोटरी क्लब कोडरमा व मॉडर्न पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया के संयुक्त तत्वाधान में कोलकाता में मौमिता देवनाथ के साथ हुए जघन्य बलात्कार व हत्या के विरोध में मंगलवार की शाम कैंडल मार्च निकाला गया। यह मार्च महाराणा प्रताप चौक से शहर भ्रमण करते हुए झंडा चौक तक किया गया। इसमें सभी महिला, पुरुष व बच्चियां अपने हाथों में कैंडल और विरोध की तख्ती लेकर साथ-साथ चल रहे थे। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कोलकाता के आरजी मेडिकल कॉलेज में जूनियर महिला डॉक्टर की रेप के बाद बेरहमी से हत्या से पूरा देश मर्माहत और आक्रोश में है। झंडा चौक पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमित कुमार व असिस्टेंट गवर्नर सह मॉडर्न पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर संगीता शर्मा ने लोगों को संबोधित भी किया और सरकार से इस घटना में न्याय दिलाने व कड़ा कानून बनाने की अपील की, जिससे महिलाएं और हमारी बेटियां सुरक्षित रह सके। कैंडल मार्च में शहर की कई संस्थाओं व स्कूल ने भाग लिया।

### चंदवारा में शांतिपूर्ण रहा भारत बंद एनएच को किया एक घंटे जाम

**चंदवारा।** एससी-एसटी वर्ग के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले क्रीमी लेयर और नॉन क्रीमीलेयर आरक्षण के खिलाफ बुधवार को भारत बंद चंदवारा प्रखंड में शांतिपूर्ण रहा। चंदवारा बजरंग बली चौक पर लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से रांची-पटना मुख्य मार्ग को लगभग एक घंटे तक जाम कर विरोध जताया। जरूरतमंद लोगों को रास्ता देकर मदद करते जुलूस में शामिल लोग दिखे। लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को वापस लेने और सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट में कोलेजियम विधि को बंद करने की मांग कर रहे थे। लोगों ने हाथ में राष्ट्रीय तिरंगा और बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर के झंडे लेकर भारत माता की जय,जय भीम, जय संविधान, आरक्षण से छेड़छाड़ करना बंद करो जैसे नारा लगाए। जुलूस आगे बढ़ते हुए महाराणा प्रताप चौक, झुमरीतिलैया पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। जहां जिले के सभी प्रखंडों से लोग जमा हुए थे। इस दौरान चंदवारा बजरंग बली चौक पर थाना प्रभारी अरविंद कुमार समेत पुलिस बल के कई जवान मुस्तैद दिखे।

### एक माह बाद आज से काम पर लौटे समाहरणालय संवर्ग के लिपिक

**कोडरमा।** अपने विभिन्न मांगों को लेकर 22 जुलाई से बेमियादी हड़ताल में शामिल समाहरणालय संवर्ग के लिपिक गुरूवार से अपने काम पर लौट गए। मुख्यमंत्री के अपर सचिव और अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के सदस्यों के बीच 21 अगस्त को हुई वार्ता के बाद संघ ने हड़ताल को समाप्त करने का निर्णय लिया है। बातचीत में कई निर्णय लिया गया है। बता दें कि कर्मचारियों की हड़ताल से अंचल, प्रखंड कार्यालय के अलावा समाहरणालय परिसर स्थित कई कार्यालय का काम पूरी तरह प्रभावित था, जिसे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

### श्रमदान कर बारिश की वजह से टूटी सड़क की ग्रामीणों ने की मरम्मत



**कोडरमा।** बानो - प्रखण्ड में लगातार बारिश होने से डुमरिया पंचायत तक जाने वाली सड़क में बनी पुलिया टूट गया।मिली जानकारी के अनुसार प्रखण्ड के सुदूर पंचायत डुमरिया से प्रखण्ड मुख्यालय तक जाने वाली एक मात्र सड़क पर बनी पुलिया बरसात का तेज पानी का बहाव झेल नही पाया और बह गया। पुलिया के टूटने से थाना क्षेत्र के दर्जनों गाँव का सम्पर्क प्रखण्ड मुख्यायल टूट सा गया। लोगों के आवागमन में हो रही परेशानी को देखते हुए गाँव के कुछ उत्साही ग्रामीणों ने लकड़ी का पटरा कर श्रमदान कर लकड़ी पुल बना डाला। कुछ लोगों को श्रमदान करते देख आस पास के युवक भी कार्य में हाथ बताया। पुलिया के बन जाने पर राहगीरों ने धन्यवाद दिया । श्रमदान में संदीप सिंह, महेश सिंह ,पवन भुइयां, हाबिल भुइयां,बिष्णु मुंडा ,संदीप कुमार आदि लोगों ने सहयोग किया।ग्रामीणों द्वारा जिला परिषद बिरजो कंडुलना को इसकी सूचना दी तो उन्होंने कहा कि जल्द ही डुमरिया जाने के पक्की सड़क का निर्माण विभाग की ओर से की जायेगी।

### पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान को लेकर डीसी ने की बैठक

**सिमडेगा।** डीसी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान को लेकर बैठक हुई। बैठक में आदिम जनजाति समुदाय के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 23 अगस्त से दस सितंबर तक शिविर लगाने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि लगाकर शत प्रतिशत आदिम जनजाति समुदाय के लोगों को राज्य और केंद्र सरकार की संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ दें। शिविर में स्थानीय भाषा में फ्लैक्स प्रदर्शित करें। प्रतिदिन कैंप के आयोजन से संबंधित फोटोग्राफर पोर्टल पर अपलोड करने का भी डीसी ने निर्देश दिया। डीसी ने शत प्रतिशत पीभीटीजी परिवारों का आधार एनरोलमेंट सुनुश्चित करने का भी निर्देश दिया। बैठक में डीएफओ रोशन कुमार, आईटीडीए परियोजना निदेशक सरोज तिर्की, डीडीसी संदीप कुमार दोराईबुरु, डीएओ मुनेंद्र दास, डीईओ, डीएसई, डीएसडब्लयू आदि उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन, पबुडा 1-0 से विजयी

**बानो।** लचरागढ इंद टांड मे तीन दिवसीय शहीद नकुल सिंह स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता का उदघाटन किया गया।उदघाटन मैच पबुडा व सेमरटोली के बीच खेला गया।जिसमे पबुडा की टीम 1-0 से विजयी रहा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड पार्टी जिला अध्यक्ष मतियस टेटे व विशिष्ट अतिथि के रूप मे सुकर सिंह उपस्थित थे।मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने खिलाडियो से परिचय प्राप्त कर किया।तथा शहीद नकुल सिंह के तसवीर पर मल्र्यापण व दीप प्रज्वलित कर किया।खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए खेल को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा ।खिलाड़ी खेल के माध्यम से अपना करियर बनाकर भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं।सुकर सिंह ने कहा कि शहीद के सम्मान को लेकर खेल का आयोजन किया गया ।छेत्र के खिलडियो मे छुपी प्रतिभा को उजागर करने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।मैच रेफरी की भुमिका नीरज कुल्लु ने निभायी। प्रतियोगिता का फाइनल मैच शनिवार को खेला जायेगा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का व युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का उपस्थित रहेगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अमित साहु,उपन साहु,रुजन नायक,मांगा,विरेंद्र सिंह,संतोष साहु,राजेश साहु,संजय मिश्रा,प्रदीप गोप,सुरेश पाइक,अमर सिंह,गोपाल सिंह,अलफ्रेड डांग, विजय, राज सिंह, अभिषेक प्रधान,राहुल केरकेट्टा,रोहित सिंह,आकाश लुगुन, निर्मल डुंगडुंग अमन साय आदि लोगों का सहयोग रहा।

